तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि


# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

12 संस्कृत विषय का संरक्षण एवं संवर्धन अत्यावश्यकः बैज



11 बेमेतरा जिले में जल संरक्षण अभियान की शुभारंभ ...





## खबर संक्षेप

### मसाला व्यापारी से 1.70 लाख रुपए की लूट

**भिलाई।** दो नकाबपोश युवकों ने व्यापारी से नगदी रकम लूटने का मामला सामने आया है। घटना भठ्ठी थाना क्षेत्र का है।पुलिस ने बताया कि 22 फरवरी की रात कैम्प 2 भिलाई निवासी मसाला व्यापारी महादेव बाघमारे ने 1.70 लाख रुपए नगदी लूटा गया। महादेव सब्जी व्यापारी मरोदा के बाजार में दुकान लगाता है। रोज की भांति घटना की रात भी बाजार के बाद घर लौट रहा था। इस दौरान पावर हाउस ब्रिज के ऊपर दो नकाबपोशों ने चलती वाहन से पैसों से भरा बैग उठा लिया। रविवार को अपनी मोपेड से पीड़ित बाजार बाद घर जा रहा था। तभी बैग में 1.70 लाख हजार रुपए नगदी था। रात करीब 10.40 बजे पावर हाउस ओवरब्रिज के ऊपर सेक्टर की तरफ में पहुंचने पर दो युवकों ने काले रंग की बाइक से पहुंचे। पीड़ित के वाहन में रखे रकम के थैले को चलती वाहन से लूटकर फरार हो गए। शिकायत करने के बाद पुलिस ने आरोपियों की जांच शुरु की। घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला।

### कुल्हाड़ी से हमला करने वाले गिरफ्तार

**भिलाई।** विवाद कर कुल्हाड़ी से हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि आजाद चौक बोरसी में मोहन बंजारे पर आरोपी लक्ष्मण साहू ने कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। शिकायत के बाद आरोपी लक्ष्मण साहू को पुलिस ने पकड़ा है।

### कुम्हारी लूटपाट मामले में दो गिरफ्तार

**भिलाई-कुम्हारी।** जिले में दो लूट की घटनाएं और सामने आया है। पद्माभपुर दुर्ग का है। यहां एक महिला के गले से सोने के चेन पार किया गया। कुम्हारी थाना अंतर्गत क्षेत्र जहां पर तीन युवकों ने व्यक्ति से उसके भेड़ और पांच हजार रुपए नगदी की लूट कर ली। कुम्हारी पुलिस ने दो युवकों को पकड़ लिया। अहिवारा निवासी मो, अशरफ उर्फ सुल्तान कुरैशी ग्राम अकोला कपासबाड़ी से भेड खरीदकर बाइक से घर लौट रहा था। तभी केड़िया नाला कुम्हारी के पास स्कूटी सवार तीन युवकों पीछा कर नगदी 5 हजार लूटकर फरार हो गए । शिकायत के बाद पुलिस जांच में लिया। जिसमें आरोपी बेलदार पारा कुम्हारी निवासी राजू बेलदार, राम नगर कुम्हारी राकेश सोरी को पकड़ा गया। पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### विद्यार्थियों से मारपीट करने वाले दो शिक्षक गिरफ्तार

**भिलाई।** जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई में शिक्षकों द्वारा छात्रों के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि नवोदय विद्यालय बोरई के छात्रों के के साथ मारपीट की गई है। उसमें एक कक्षा 10वीं और 12 वीं का छात्र है। पीड़ित के पिता डोमन देशलहरा के मुताबिक बेटे ने फोन पर बताया कि मोबाइल रखने की बात पर उसे और उसके अन्य साथियों को वाइस प्रिंसिपल के कमरे में शिक्षक पीयूष कुमार और पीटी शिक्षक रविशंकर मंडलोई ने बुलाकर जमकर पिटाई की है। आरोप है कि स्कूल के दोनों शिक्षकों ने मिलकर छात्रों की जमकर पिटाई से शरीर में अंदरुनी चोटें आई है। एक छात्र के प्राइवेट पार्ट पर टीचर ने लात मारी है। घटना 21 फरवरी शनिवार की है। पिटाई के बाद छात्रों ने घर में 22 फरवरी की रात फोन पर घटना की जानकारी दी। 21 फरवरी की सुबह दोपहर को मोबाइल अपने पास रखने की बात को लेकर छात्र को प्राचार्य ऑफिस में मोबाइल जमा कराने को कहा गया। फिर वाइस प्रिंसिपल के कक्ष में बुलाकर लकड़ी डंडे, हाथ-मुक्के, लात से मारपीट की गई। पुलिस ने छात्रों से मारपीट करने वाले पोस्ट ग्रजुएट शिक्षक पीयूष कुमार और पीटी शिक्षक रविशंकर मंडलोई को गिरफ्तार किया गया है।

# धान की अंतर राशि पर असमंजस, होली से पहले भुगतान की घोषणा की पर तारीख तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शासन द्वारा किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी की अंतर राशि होली से पहले देने का निर्णय तो लिया गया है, लेकिन अब तक स्पष्ट दिनांक घोषित नहीं होने से किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

होली का पर्व नजदीक है और त्योहार की तैयारियों के बीच किसान अपनी मेहनत की बकाया राशि का इंतजार कर रहे हैं। जिला सहकारी बैंक और समितियों में इन दिनों किसानों की भीड़ देखी जा रही है। रबी फसल के लिए खाद-बीज व दवाइयों की खरीदी, घरेलू जरूरतें और होली के त्योहारी खर्च को देखते हुए किसान अपनी जमा बचत राशि निकालने पहुंच रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि अंतर राशि की तिथि पूर्व घोषित कर दी जाती तो उन्हें अनिश्चितता का सामना नहीं करना पड़ता।

**बैंक में बढ़ सकती है अचानक भीड़:** जिला सहकारी बैंक पहुंचे किसानों ने बताया कि अभी वे अपने बचत खाते से ही जरूरत के अनुसार राशि निकाल रहे हैं। जैसे ही अंतर राशि जमा होगी, बैंक में अचानक भीड़ बढ़ने की संभावना है। हालांकि बैंक में एटीएम की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन अधिकांश किसान एटीएम का उपयोग नहीं करते। ग्रामीण अंचलों में डिजिटल लेन-देन के प्रति जागरूकता और सुविधा दोनों की कमी के कारण किसान सीधे बैंक काउंटर पर ही निर्भर रहते हैं।

## गिनती के दिन ही बचे हैं होली पर्व में




**होलाष्टक शुरू, 4 मार्च को रंगों का त्योहार :** इधर 24 फरवरी से होलाष्टक की शुरुआत हो चुकी है। 3 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को रंग-गुलाल के साथ होली मनाई जाएगी। त्योहार के ठीक पहले भुगतान को लेकर स्पष्टता नहीं होने से किसानों की योजना प्रभावित हो रही है। किसानों की मांग है कि शासन शीघ्र तिथि घोषित करे ताकि वे त्योहार और खेती दोनों की आवश्यकताओं की समुचित तैयारी कर सकें। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार कब तक अंतर राशि का भुगतान सुनिश्चित करती है।

### 3100 रुपए में खरीदी, पर अंतर राशि शेष

राज्य सरकार ने खरीफ सीजन 2025-26 में किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा तक धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की थी। 15 नवंबर से 31 जनवरी तक सहकारी समितियों के माध्यम से उपार्जन किया गया। खरीदी के समय किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत भुगतान किया गया था। मोटा व सरना धान का एमएसपी 2369 रुपए प्रति क्विंटल,पतला धान का एमएसपी 2389 रुपए प्रति क्विंटल है। इसके अनुसार मोटा व सरना धान पर 731 रुपए तथा पतला धान पर 711 रुपए प्रति क्विंटल की अंतर राशि अभी शेष है। यही राशि अब होली से पूर्व देने की घोषणा की गई है, परंतु दिन-तिथि तय नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

## सियासत : दिल्ली बैठक के बाद बड़ा फैसला, 2028 की तैयारी में जुटी कांग्रेस

# कांग्रेस पार्टी संगठन के विस्तार की कवायद गांवों में पंचायत और वार्डों से अध्यक्षों की नियुक्ति की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

2028 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने संगठन को बूथ और गांव स्तर तक मजबूत करने का बड़ा निर्णय लिया है। दिल्ली में हाल ही में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक के बाद पार्टी ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि हर गांव में पंचायत अध्यक्ष और हर वार्ड में वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किए जाएं।

यह निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया, जिसमें प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में संगठन को "ग्रास रूट" तक सक्रिय और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि वे जिले के प्रत्येक गांव में पंचायत अध्यक्ष की नियुक्ति सुनिश्चित करें। वहीं शहर अध्यक्षों को प्रत्येक वार्ड में सक्रिय और जमीनी कार्यकर्ताओं को वार्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपने के लिए कहा गया है। कांग्रेस का मानना है कि पंचायत और वार्ड स्तर पर सशक्त नेतृत्व खड़ा करने से न केवल संगठनात्मक मजबूती आएगी, बल्कि स्थानीय मुद्दों पर पार्टी की पकड़ भी मजबूत होगी।

### अध्यक्षों को 'फ्री हैंड', लेकिन होगी सख्त समीक्षा

दिल्ली में हुई बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने जिलाध्यक्षों और शहर अध्यक्षों को संगठन विस्तार के लिए पूर्ण अधिकार दिए हैं। हालांकि यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि उनके कार्यों की नियमित समीक्षा होगी। पार्टी की विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुंचाने, बूथ प्रबंधन को मजबूत करने और स्थानीय मुद्दों पर सक्रियता बढ़ाने जैसे कई टास्क भी सौंपे गए हैं।



### 30 मार्च तक संगठन विस्तार का लक्ष्य

सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस हाईकमान ने 30 मार्च तक पंचायत और वार्ड स्तर पर संगठन विस्तार की प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य तय किया है। इसी के मद्देनजर जिलों में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। यह कदम पार्टी के भीतर गुटबाजी को नियंत्रित करने और जमीनी कार्यकर्ताओं को सीधे नेतृत्व में शामिल करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

### रेड-यलो-ग्रीन जोन' से तय होगा परफॉर्मेंस

मिली जानकारी अनुसार बैठक में एक और अहम फैसला लिया गया जिलाध्यक्षों के कार्यों का मूल्यांकन अब तीन जोन में किया जाएगा रेड जोन–अपेक्षित प्रदर्शन से कमजोर,यलो जोन औसत प्रदर्शन ग्रीन जोन के तौर पर उत्कृष्ट संगठनात्मक कार्य । बताया जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व ने साफ कर दिया है कि संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान में सक्रियता ही जिलाध्यक्षों का भविष्य तय करेगी। दो से तीन माह के भीतर फिर से दिल्ली में समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

### जमीनी कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता

जिलाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पंचायत और वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति में जमीनी, सक्रिय और जनाधार वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाए। इससे संगठन में नई ऊर्जा और कार्यकर्ता-आधारित नेतृत्व विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने बताया कि पंचायत स्तर पर अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और शीघ्र ही जिले की सभी पंचायतों में घोषणा कर दी जाएगी।

### 2028 की रणनीति की नींव

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह संगठन विस्तार अभियान 2028 के विधानसभा चुनाव की तैयारी का प्रारंभिक चरण है। बूथ और गांव स्तर पर मजबूत संरचना खड़ी कर कांग्रेस आगामी चुनाव में सीधा मुकाबला करने की रणनीति पर काम कर रही है। दिल्ली की इस बैठक के बाद स्पष्ट है कि कांग्रेस अब केवल शीर्ष नेतृत्व के भरोसे नहीं, बल्कि गांव-गांव में सक्रिय संगठनात्मक ढांचे के माध्यम से अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# आरक्षक प्रशांत दीवान की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

बुधवार की सुबह रोज की तरह थी। 36 वर्षीय आरक्षक प्रशांतधर दीवान ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। किसे पता था कि यह उनकी आखिरी ड्यूटी होगी। कुछ ही घंटों बाद खबर आई-भीषण सड़क हादसा हालत गंभीर और फिर रायपुर ले जाते समय रास्ते में ही सांसें थम गईं। थाना हथबंद में पदस्थ प्रशांतधर अपने साथी के साथ बाइक से ड्यूटी के लिए जा रहे थे। उडेला–पौसरी मार्ग पर एक ट्रक चालक ने बिना इंडिकेटर दिए अचानक वाहन मोड़ दिया। सामने आए भारी वाहन से बचने का मौका तक नहीं मिला। टक्कर के बाद वे ट्रक के पहियों की चपेट में आ गए। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल प्रशांत को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने हालत नाजुक बताकर रायपुर रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी जीवन डोर टूट गई।



■ रायपुर ले जाते समय टूटी सांसें

शाम करीब 5 बजे जैसे ही उनका पार्थिव शरीर नवागढ़ पहुंचा, पूरे नगर की आंखें भर आईं। घर के बाहर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बेटे को अंतिम बार ▶▶| शेष पेज 11 पर

### मुक्तिधाम में उमड़ा जनसैलाब

देर शाम सुकूल पारा स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, नगरवासी, जनप्रतिनिधि और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। नम आंखों और भारी मन से लोगों ने अपने बेटे को अंतिम विदाई दी। "अमर रहे" के नारों के बीच नवागढ़ ने अपने होनहार बेटे को अग्नि को समर्पित किया।

### लापरवाही पर उठे सवाल

बताया जा रहा है कि ट्रक चालक ने बिना इंडिकेटर दिए अचानक वाहन मोड़ दिया था। एक छोटी-सी लापरवाही ने पूरे परिवार की दुनिया उजाड़ दी। नगरवासियों ने लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी और घर का चिराग यूं न बुझे।

# साजा विधानसभा के कांग्रेस पदाधिकारियों ने राजनीतिक हालात पर प्रदेशाध्यक्ष से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बलदाऊ प्रसाद मिश्र एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा पूर्व सरपंच सहसपुर उपेंद्र हंसा ने सौजन्य मुलाकात कर साजा विधानसभा के वर्तमान राजनीतिक हालात पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में संगठन की स्थिति, किसानों की समस्याओं, स्थानीय मुद्दों तथा आगामी रणनीति को लेकर प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया।

■ बैज को साजा आने का कांग्रेसियों ने दिया आमंत्रण

नेताओं ने बताया कि साजा विधानसभा में पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है, लेकिन संगठनात्मक मजबूती के लिए प्रदेश नेतृत्व का मार्गदर्शन आवश्यक है। इस अवसर पर नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को साजा विधानसभा क्षेत्र के दौरे के लिए औपचारिक आमंत्रण भी दिया, ताकि कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद हो सके और जमीनी स्तर पर संगठन को नई ऊर्जा मिले। प्रदेश अध्यक्ष ने आमंत्रण को स्वीकार करते हुए जल्द ही साजा आने का आश्वासन दिया। इस भेंट को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों में आने वाले समय में तेजी आने की संभावना है।

## छग का बजट 'संकल्प से सिद्धि' की ओर बढ़ता कदम : अवधेश

**बेमेतरा।** सरगुजा संभाग प्रभारी एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए के बजट को ऐतिहासिक बताते हुए इसे "संकल्प से सिद्धि" का बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट विजन 2047 की परिकल्पना को साकार करने वाला और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में मजबूत कदम है। चंदेल ने कहा कि यह बजट विकास के स्पष्ट संकल्प के साथ तैयार किया गया है, जिसमें बस्तर से सरगुजा तक संतुलित और समावेशी विकास का रोडमैप दिखाई देता है। गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को केंद्र में रखकर योजनाओं का निर्माण किया गया है, जिससे समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।





उन्होंने कहा कि समावेशी विकास ही छत्तीसगढ़ की प्रगति का मूल मंत्र है। क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने, मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, सिंचाई, बिजली, शहरी विकास और ▶▶| शेष पेज 11 पर

# जिला शिक्षा अधिकारी चतुर्वेदी ने सेजेस कटिया परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा अधिकारी एवं उनके दल के द्वारा परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कठिया रांका का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कक्षा 12वीं विषय संस्कृत का परीक्षाएं चल रही थी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न किया जा रहा था। इस परीक्षा केंद्र में कुल परीक्षार्थी 89 थे। जिसमें सभी उपस्थित थे। किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण नहीं पाया गया। इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शाला चोरभट्टी का निरीक्षण किया गया। सभी शिक्षक शिक्षण कार्य करते पाया गया। इसके पश्चात शासकीय हाई स्कूल मटका का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हाई ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ चोरभट्टी स्कूल में शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया

### एनसीसी गतिविधियों की सराहना

जिला शिक्षा अधिकारी ने हाई स्कूल मटका में संचालित एनसीसी का एवं एनसीसी प्रभारी प्रभात सिंह के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा किये साथ ही एनसीसी को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर मुझे अवगत कराएंगे बोला गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्रों के साथ वार्तालाप किये उनके परीक्षा के बारे में आगे भविष्य के बारे में बहुत महत्वपूर्ण जानकारी दिए। इस अवसर पर उनके साथ उनके निरीक्षण दल में विजय कुमार व्याख्याता इंदु शर्मा व्याख्याता उमा खंडे शिक्षिका उपस्थित रहे।

## आवास, मनरेगा, बिहान एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों में तेजी लाने पर जोर

# कलेक्टर ने की पंचायत विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत सभागार में आज कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने ग्रामीण विकास से जुड़ी प्रमुख योजनाओं मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बिहान योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पदमाकर, उप संचालक जिला पंचायत सुश्री देसाई, विभिन्न जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, जिला समन्वयक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने योजनावार प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्यों में प्रगति अपेक्षाकृत कम है, उन्हें गंभीरता से लेते हुए एक माह के भीतर कार्य पूर्ण कराने की कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को समय पर पक्के आवास उपलब्ध कराना है, इसलिए लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए उन्होंने समय-सीमा निर्धारित कर लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मनरेगा की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले में श्रमिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ब्लॉक स्तरीय मनरेगा कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन एवं रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दें।



कार्यस्थलों पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए तथा भुगतान प्रक्रिया समयबद्ध हो। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार उपलब्ध कराने की योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण आधारभूत संरचना सुदृढ़ करने का ▶▶| शेष पेज 11 पर

### लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने निर्देश दिए

कलेक्टर ने कहा कि समूहों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल की जाए और उनके उत्पादों के विपणन की व्यवस्था मजबूत की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं के लंबित कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व सभी स्वीकृत कार्यों का क्रियान्वयन पूर्ण कर लिया जाए और संबंधित पोर्टल में प्रविष्टियां समय पर की जाएं, ताकि किसी प्रकार की वित्तीय या प्रशासनिक बाधा उत्पन्न न हो। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने बैठक के अंत में कहा कि सभी अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करें।

# छात्रा अन्नु, वैदेही ने स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य के स्कूलों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना तथा दैनिक जीवन में गणितीय व विज्ञान संबंधित घटनाओं की समझ विकसित करने के उद्देश्य से राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक बेमेतरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

■ विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में जेवरा के छात्राओं ने की उत्कृष्टता सिद्ध

विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूली छात्रों के लिए माध्यमिक स्तर पर क्विज प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी जेवरा के मेधावी छात्रा अन्नु वर्मा एवं वैदेही वर्मा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही प्राथमिक स्तर पर पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा के प्रीति साहू एवं मोनिका निषाद ने कड़े मुकाबले में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है ।

संकुल समन्वयक उद्धव साहू ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि चार चरणों में आयोजित कार्यक्रम में जेवरा के छात्राओं ने पहले ही राउंड से सटीक उत्तर देते हुए अंकतालिका में शीर्ष स्थान बनाये रखा, तार्किक प्रश्नों का प्रमाणित सोदाहरण उत्तर देकर निर्णायकों के प्रशंसा के पात्र भी बने । कार्यक्रम के समापन समारोह में उपस्थित एपीसी खेमराज साहू, बीईओ कामिनी महिलांग, बीआरसी राजेन्द्र कुमार साहू ने स्मृति चिन्ह तथा सर्टिफ़िकेट से मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया । विकासखंड स्तर पर ▶▶| शेष पेज 11 पर

### लंबी जांच प्रक्रिया एवं वसूली नोटिस के बाद विभाग ने उठाया कड़ा कदम

# स्वास्थ्य से खेल, लाखों की गड़बड़ी करने वाले सीएमओ वर्मा सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कबीरधाम में नपा सीएमओ रहते गरीब बस्तियों में रहने बसने वालों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले नरेश वर्मा को आखिरकार विभाग ने सस्पेंड कर दिया हालांकि अभी उनकी पदस्थापना बेमेतरा नपा में है, लेकिन लंबी जॉच प्रक्रिया, वसूली नोटिस के बाद आखिरकार विभाग ने कड़ा कदम उठाते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर जेडी आफिस दुर्ग अटैच कर दिया है।

जानकरी अनुसार सूडा ने जून 25 मे कवर्धा सीएमओ के रूप में काम करने के दौरान सीएमओ नरेश वर्मा को सीएम शहरी स्लम योजना तहत दवा खरीदी, वितरण और भुगतान प्रक्रिया में वित्तीय हानि के लिए प्रथमदृष्टया दोषी पाते हुए 20 लाख 80 हजार 380 रूपयों की वेतन से वसूली का पत्र जारी किया था जिसके बाद संचालनालय नगरीय प्रशासन व विकास विभाग ने सूडा से मिले दस्तावेजों की विशेषज्ञ टीम से जॉच कराई जिन्होंने दिसंबर 25 को अवर सचिव को प्रेषित अभिमत में लिखा है कि कार्य संचालन सेवा प्रदाता कंपनी पर अर्थदंड की राशि अधिरोपित नही करने से 25 लाख 91 हजार 500 रूपयों की हानि दर्शित है जबकि कबीरधाम जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी द्वारा 10 जनवरी 22 को जारी पत्र अनुसार पेनाल्टी काटा जाना था। जॉच समिति ने पाया कि कबीरधाम के तत्कालीन सीएमओ नरेश वर्मा ने एमएमयू संचालन एजेंसी को अधिक राशि का भुगतान किया है इसलिए उनके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कारवाई के अलावा अधिक राशि भुगतान को लेकर एफआईआर कराया जाना चाहिए लेकिन विभाग ने जॉच समिति के प्रस्ताव को दरकिनार करते हुए नियमों के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

#### वसूली के लिए 6 महीने पहले सूडा ने किया था पत्र जारी

कवर्धा नगर पालिका में सीएमओ के रूप में कार्य करने के दौरान नरेश वर्मा पर सीएम स्लम स्वास्थ्य योजना के नोडल अधिकारी होते हुए स्लम स्वास्थ्य योजना जैसे जनहितकारी प्रोजेक्ट के क्रियांवयन दौरान पीएमयू द्वारा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर दवा खरीदी, वितरण और भुगतान में पारदर्शिता के अभाव में 2 लाख 13 हजार 497 रूपयों का अपव्यय, थर्ड पार्टी आडिट एजेंसी व एरिया मैनेजर द्वारा एमएमयू संचालन एजेंसी पर 17 लाख 7 हजार 880 रूपए और 6 लाख 500 रूपए कुल 23 लाख 8 हजार 380 रूपयों की वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई थी जिसमें से मात्र 2 लाख 28 हजार रूपए अधिरोपित करना पाया गया जबकि शेष राशि लगभग 23 लाख जॉच के दौरान अधिरोपित करना नही पाया गया। राज्य शहरी विकास अभिकरण ने योजना क्रियांवयन में पारदर्शिता का अभाव, वित्तीय अनियमितता को सेवा शर्तों के अधीन कदाचरण की श्रेणी और दायित्व निर्वहन मे लापरवाही साथ उदासीनता का परिचायक मानते हुए उक्त कृत्य को करने का कारण स्पष्ट करने कहा वही प्राधिकरण द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया कि समय सीमा के भीतर प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नही पाए जाने की स्थिति में पर वित्तीय हानि की वसूली सीएमओ नरेश वर्मा के वेतन अथवा राजस्व वसूली नियमों के प्रावधान तहत किया जाएगा। जांच रिपोर्ट मुताबिक अफसरशाही के इस खेल से सरकारी खजाने को तगड़ा झटका लगा और यह साफ तौर पर वित्तीय अनियमितता और कदाचार की श्रेणी में आता है।

#### पूर्व जिला भाजपा महामंत्री ने उठाई आवाज

मामले का पूर्व जिला भाजपा महामंत्री रामाधार रजक ने खुलासा किया था। उन्होंने प्रकरण संज्ञान में आने के बाद विभागीय अधिकारियों व सरकार के मुखिया तक इस गड़बड़झाले की जानकारी दी जिसके बाद पहले सूडा एक्शन में आया। नरेश वर्मा के खिलाफ बीस लाख से उपर की राशि वसूली का पत्र जारी किया बाद में नगरीय प्रशासन विभाग ने भी मामले की सूडा के विशेषज्ञों से जॉच कराई जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से नरेश वर्मा को वित्तीय हानि का दोषी पाते हुए कठोर अनुशासनात्मक कारवाई के अलावा एफआईआर कराया जाना सही बताया था। रामाधार रजक ने बताया कि सीएम के जनकल्याणकारी योजना के क्रियांवयन सरकारी अधिकारी की लापरवाही की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों सहित सरकार से लगातार पत्र व्यवहार किया, मुलाकात की जिसके बाद अब सरकारी राशि का अनुचित उपयोग करने वाले के खिलाफ सस्पेंशन की कारवाई की गई है।

# प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ा नगर पंचायत गंडई

### सीएमओ को खैरागढ़ का प्रभार देने से कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को जिला बने तीन वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन गंडई क्षेत्र आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर खड़ा नजर आ रहा है। जिला स्तरीय सुविधाएं मिलना तो दूर, शासन के हालिया फैसलों ने नगर पंचायत गंडई की प्रशासनिक व्यवस्था को और भी कमजोर कर दिया है। वर्तमान में गंडई नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अविनाश देवांगन को जिला मुख्यालय खैरागढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के कारण गंडई का स्थानीय कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

वार्ड नंबर 15 के पार्षद दिलीप आगरे ने व्यवस्था पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि सीएमओ को खैरागढ़ का प्रभार मिलने के बाद गंडई का कार्यालय केवल खानापूर्ति बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि सीएमओ मुख्यालय में निवास नहीं करते और अपने घर से आना-जाना करते हुए सप्ताह में बमुश्किल दो दिन ही कार्यालय में उपस्थित रहते हैं। उसमें भी उनके आने और जाने का समय निर्धारित नहीं रहता। यही हाल निकाय के इंजीनियर का भी है, जो गंडई में क्वाटर उपलब्ध होने के बावजूद दोपहर 1 बजे कार्यालय आते हैं और शाम 4 बजे निकल जाते हैं। पार्षद ओगरे ने इसे शासन की एक सोची-समझी साजिश करार देते हुए कहा कि गंडई में कांग्रेस का अध्यक्ष होने के चलते निकाय की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।




#### कार्य पेंडिंग, पार्षदों में गहरा असंतोष

वार्ड नंबर 11 के पार्षद यतीश कुंजाम और वार्ड नंबर 5 के पार्षद अमन सोनी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि सीएमओ की अनुपस्थिति के कारण वार्डों के छोटे-बड़े जरूरी कार्य कई दिनों तक लंबित रहते हैं। अमन सोनी ने कहा कि जनता ने हमें चुनकर भेजा है, लेकिन जब हम लोगों की समस्याओं को लेकर नगर पंचायत जाते हैं, तो वहां अधिकारी ही नहीं मिलते। इससे आम नागरिकों के महत्वपूर्ण कागजी कार्य और विकास परियोजनाएं पेंडिंग पड़ी हैं।


#### प्रशासनिक अमला दुरूस्त करने की मांग

इसी क्रम में वार्ड नंबर 1 के पार्षद तामेश्वर साहू ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गंडई में प्रशासनिक अमले को तत्काल दुरुस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि एक अधिकारी को दो महत्वपूर्ण निकायों का जिम्मा देने से गंडई के हित प्रभावित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### कबीर मठ नादिया में संत सम्मेलन 28 से

**खुज्जी।** कबीर मठ नादिया में श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन 28 फ़रवरी से 2 मार्च तक आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में साध्वी सुश्री सुमेधा साहेब देवरी, संत डॉ हरीश साहेब पटना, डॉ. भागीरथी साहेब वाराणसी, रतनस्वरूप साहेब पुर्णिया एवं महंत लेखचंद साहेब मुरमुंदा शामिल होंगे। प्रथम दिवस प्रातः 9 बजे गुरु महिमा एवं बीजक पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। दीप प्रज्जवलन के बाद संतो का उदबोधन होगा। दूसरे दिन सत्संग एवं भजन होगा। तृतीय दिवस प्रथम सत्र में सत्संग प्रवचन तथा द्वितीय सत्र में सात्विक ज्ञान यज्ञ चौका आरती संपन्न होगा।



### कैशलेस चिकित्सा के लिए प्राचार्य ने जताया आभार

**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ प्राचार्य संघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला के प्रयास से शासन ने अपने बजट में कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा को शामिल किया। यह निर्णय कर्मचारी और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। बजट में सर्वाधिक राशि स्कूल शिक्षा विभाग के लिए एवं खैरागढ़ जिला में नालंदा परिसर स्थापना किया जाना अति महत्वपूर्ण कदम है जिसका स्वागत करते हुए छग प्राचार्य संगठन के अनिल पाल प्राचार्य मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।



# प्रज्ञा वैष्णव बनीं न्यायाधीश, खुशी की लहर

- कोहलाटोला की बेटी ने जिले का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



कोहलाटोला की बेटी प्रज्ञा वैष्णव का व्यवहार न्यायाधीश के पद पर चयन हुआ है। उसके चयन से क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।

छुईखदान से लगे हुए ग्राम के स्व गंगादास वैष्णव की पोती एवं अधिवक्ता भरत दास वैष्णव की पुत्री प्रज्ञा के चयन से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

ग्रामवासियों का कहना है कि कोहलाटोला शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है और यहां के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं।

#### सबसे शिक्षित ग्राम

कोहलाटोला को क्षेत्र का सबसे शिक्षित ग्राम माना जाता है। यहां से सैकड़ों लोग शिक्षक, पटवारी, आरआई, पंचायत सचिव, वकील, खाद्य निरीक्षक, डिप्टी कलेक्टर, प्राचार्य सहित अन्य प्रशासनिक पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। अब प्रज्ञा वैष्णव के न्यायाधीश बनने से गांव को एक नई पहचान मिली है।

#### वैष्णव समाज करेगा सम्मान

इस उपलब्धि पर जिला वैष्णव समाज के अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि समाज की बेटी ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। समाज द्वारा शीघ्र ही एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर प्रज्ञा वैष्णव को सम्मान किया जाएगा। प्रेस क्लब के सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, दीपक देशमुख, संजय शर्मा, नीलम वैष्णव, महेंद्रसिंह, अनिल यादव, सन्नी महोबिया, अंकित महोबिया, विक्रम राजपूत, दीनू यदु, देवेश सोनी, शैलेन्द्र तिवारी, दीपक जैन ने प्रज्ञा को बधाई दी है। प्रज्ञा ने बताया कि वह अपने पिता को वकालत करते देखकर न्यायधीश बनने की कल्पना की थी जो साकार हुआ है। उन्होंने इसके लिए अपने माता पिता और ग्रामवासियों को श्रेय दिया है।

# दो दर्जन बसों में 1500 श्रद्धालु रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सामाजिक समरसता और आस्था के प्रतीक परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की पावन जन्मस्थल गिरौदपुरी धाम के दर्शन के लिए जिला भाजपा कार्यालय से भव्य तीर्थयात्रा का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा के लिए 24 बसों में लगभग 1500 श्रद्धालु व सामाजिक बंधु रवाना हुए। ज्ञात हो कि इसी समय में गिरौदपुरी में भव्य रूप से तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें यह सभी श्रद्धालु शामिल हो सके। बसों को जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल ने श्वेत झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय राय, महामंत्री योगेश बंजारे, दादूराम सोनकर, रवि सिन्हा, सुमित भाटिया, तरूण लहरवानी, चिंटू सोनकर, पार्षद केवरा राय, खेमिन यादव, मणिभास्कर गुप्ता, कमलेश प्रजापति, अरुण शुक्ला सहित अन्य सामाजिक एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सिंगबोरा, ग्वालगुंडी में ग्रिड से बिजली सप्लाई, मिलेगी राहत

**छुईखदान।** विकासखंड के दूरस्थ ग्राम सिंगबोरा एवं ग्वालगुंडी में पहली बार परंपरागत ग्रिड कनेक्टिविटी के माध्यम से विद्युत आपूर्ति सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दी गई है। जिससे दोनों गांवों में खुशी का माहौल है।



यह कार्य प्रबंध संचालक भीमसिंह कंवर, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलेट तथा अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया।

वर्षों से विद्युत सुविधा से वंचित ग्रामीणों के घर अब रोशनी से जगमगा उठे हैं। ग्रिड कनेक्टिविटी मिलने से घरेलू कार्यों में सुगमता आएगी, वहीं बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य सेवाओं और छोटे व्यवसायों को भी नई गति मिलेगी। ग्रामीणों ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए शासन-प्रशासन और विद्युत विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि अब गांव में पंखे, टीवी, मोबाइल चार्जिंग जैसी मूलभूत सुविधाएं सहज उपलब्ध होंगी, जिससे जीवन स्तर में सुधार होगा। भविष्य में स्वरोजगार एवं लघु उद्योगों की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

# प्रशिक्षण से बदली तकदीर

**छुईखदान।** जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के ग्राम जीराटोला निवासी केशलाल मंडावी एक मेहनती और प्रगतिशील किसान हैं। उनके पास कुल 4 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे वर्षों से खरीफ मौसम में धान तथा रबी मौसम में चना की खेती करते आ रहे थे।

पूर्व में वे पारंपरिक पद्धति से खेती करते थे, जिसके कारण उन्हें अपेक्षित उत्पादन और लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा था। बढ़ती लागत और कम उपज के कारण आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार नहीं हो पा रहा था।

वर्ष 2024-25 में उन्होंने कृषि विभाग से संपर्क कर प्रशिक्षण एवं कृषक भ्रमण कार्यक्रमों में भाग लिया। यहां उन्हें उन्नत कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, संतुलित उर्वरक प्रबंधन एवं कीट नियंत्रण के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी प्राप्त हुई। इससे प्रेरित होकर उन्होंने अपनी खेती में बदलाव लाने का निर्णय लिया।



कृषि विभाग की रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत उन्होंने खरीफ मौसम में 1 हेक्टेयर क्षेत्र में उड़द फसल प्रदर्शन तथा रबी मौसम में 1 हेक्टेयर क्षेत्र में चना फसल प्रदर्शन किया। विभाग द्वारा उन्हें बीज एवं दवाइयों सहित आवश्यक आदान सामग्री उपलब्ध कराई गई तथा समय-समय पर प्रशिक्षण देकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वैज्ञानिक पद्धति अपनाने से उनकी फसल का उत्पादन पहले की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा। कृषि विभाग की योजनाओं के लाभ से खेती लाभकारी बनी है। वे अन्य किसानों से भी अपील करते हैं कि वे विभागीय योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक तकनीकों को अपनाएं और अपनी आय में वृद्धि करें।

# गर्मी की तैयारी सहित अन्य विषयों को लेकर हुई टीएल बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टोरेट में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जनगणना कार्य की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया साथ ही शासन की प्राथमिकता वाले विषयों पर गंभीरता से चर्चा की।

जनगणना को शासन की महत्वपूर्ण व व्यापक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से प्रत्येक परिवार और व्यक्ति की सही व अद्यतन जानकारी संकलित की जाएगी, जो भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में आधार का कार्य करती है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और मैदानी अमले को समय पूर्व प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के लिए प्रगणकों के रूप में यथासंभव केवल प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों को ही नियोजित किया जाए। उच्च व उच्चतर माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शासन की अनुमति के बिना नियोजित न किया जाए। साथ ही प्रथम चरण में नियोजित प्रगणकों को ही द्वितीय चरण में भी प्राथमिकता से नियोजित किया जाए जिससे कार्य में निरंतरता व गुणवत्ता बनी रहे।



#### बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर सख्ती

कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर सख्ती से रोक लगाने तथा परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के अलावा वरिष्ठ अधिकारियों को स्वयं परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने कहा। वही पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने हितग्राही मूलक सभी कार्य 31 मार्च 26 तक पूरा करने कहा। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने सभी अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप समन्वय स्थापित कर कार्य करने, समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेते हुए जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, सुमन राज, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

#### महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा

बैठक में मुख्य सचिव द्वारा पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने आधार आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस और ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया और कहा कि अधिकारी सोमवार से बुधवार को कार्यालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित रहे। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए पीएचई को पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। हीट वेव की संभावित स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी रखने, जनजागरूकता अभियान चलाने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने कहा। बैठक में चावल उत्सव की प्रगति, धान उठाव की स्थिति, खाद-बीज के भंडारण की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग को किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने जिलों में उपलब्ध आवंटन के विरुद्ध लंबित भुगतान संबंधी सभी प्रकरणों का निराकरण मार्च 26 से पूर्व अनिवार्य रूप से करने कहा। छात्राओं की सुविधा व स्वच्छता की दृष्टि से शालाओं में बालिका शौचालय की उपलब्धता 8 मार्च 26 तक सुनिश्चित करने, पीएम श्री स्कूल के अंतर्गत नामांकित प्रभारी अधिकारियों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार स्कूलों का निरीक्षण करने, चेकलिस्ट अनुरूप सभी कार्य समय-सीमा में संपन्न कराने कहा। साथ ही शिक्षा विभाग को गणवेश, पुस्तक वितरण अनुरूप समय-सीमा में पूरा करने कहा।

### इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कार्यशाला का समापन

# अभिव्यक्ति कौशल विषय पर साहित्यिक शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इन्दिरा कला संगीत विवि के हिंदी विभाग द्वारा ब्लाक के केशला में लोक जागरण और अभिव्यक्ति कौशल विषय पर एक दिवसीय साहित्यिक शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो डॉ राजन यादव की अध्यक्षता मे आयोजित शिविर मे विषय विशेषज्ञ के रूप में समाजसेवी अशोक ओसवाल उपस्थित रहे।



विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.देवमाईत मिंज, सरपंच कोमल शिवारे, उपसरपंच शिवांश सिंह व पूमाशा प्रपा श्रीकुमार वर्मा उपस्थित थे। कुलपति ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को अत्यंत समृद्ध बताया और पूर्व मे हुए ग्रीष्मकालीन कार्यशाला की जानकारी देते हुए बच्चों को विवि में आगामी समय में होने वाले कार्यशाला में शामिल होकर संगीत कला की शिक्षा लेने कहा। विषय विशेषज्ञ अशोक ओसवाल ने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की अपील करते हुए गांव के छात्र छात्राओं को संगीत कला की शिक्षा लेने प्रेरित किया। प्रो. राजन यादव ने बताया कि क्षेत्र के 200 से अधिक गांवों में से केशला का चयन साहित्यिक शिविर के लिए किया गया है। उन्होने शिविर का लाभ लेने और बच्चों को संगीत कला की शिक्षा लेने विवि में प्रवेश दिलाने कहा। हिंदी व लोक संगीत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना, नाचा, गेड़ी, राऊत नाच, जस जंवारा व फाग गीत की प्रस्तुति दी गई।

#### जागरूकता के लिए घर-घर किया सर्वे

ग्रामीणों में जागरूकता लाने शिविरार्थियों ने घर घर जाकर सर्वे किया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे है कि नहीं इसकी जानकारी लेने के अलावा विवि के पाठ्यक्रम से अवगत कराया ताकि विद्यार्थी प्रवेश लेकर संगीत व कला की शिक्षा ले सके। सर्वे दौरान मूलभूत समस्याओं की जानकारी मिलने पर समाधान को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों साथ चर्चा की गई। संचालन छात्र समीर चंद साहू ने और आभार डॉ.देवमाईत मिंज ने व्यक्त किया। इस दौरान जिपं पूर्व सदस्य टीकम वर्मा, जनपद सदस्य लक्ष्मी वर्मा, बाबूलाल गौटिया, पूरनलाल गौटिया, सचिव दीनबंधु साहू, जगत राम दिवान, अश्वन वर्मा, जीपी वर्मा, वायके मंडावी, केआर वर्मा, डॉ नंदलाल वर्मा, राजेंद्र वर्मा, धनराज वर्मा, गंगाराम वर्मा, सूरज वर्मा, ओमकार वर्मा, राधेश्याम रजक, चित्रांगन वर्मा, मुन्ना वर्मा, टाकेश वर्मा सहित विवि के अतिथि व्याख्याता डॉ कुमुद मिश्र, हिंदी साहित्य परिषद अध्यक्ष दीपांशी मेश्राम, सचिव समीरचंद साहू, एकलव्य भारती, इंदु यादव, मानसी रजक, शोधार्थी रामेश्वरी व कृष्णा नेताम सहित अन्य मौजूद थे।

# पुरालिपि और पुरालेख अध्ययन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुरालिपि और पुरालेख अध्ययन विषय पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला का समापन कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्राचीन अभिलेख विद्या को लेकर आयोजित विशेष कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा ने कार्यशाला को विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए प्रेरक बताते हुए विषय विशेषज्ञ डॉ रविशंकर की सराहना कर भविष्य में भी ऐसे विद्वानों को विवि में आमंत्रित करने कहा। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो डॉ राजन यादव ने आचार्य दंडी के एक श्लोक का पाठ करते हुए कहा कि शब्द सूर्य के समान प्रकाशमान शक्ति है, जो समस्त विश्व को आलोकित करती है। उन्होंने कहा कि अभिलेख विद्या ऐसी विधा है जिसे असत्य सिद्ध नहीं किया जा सकता। आक्रमणकारियों के प्रयासों के बावजूद हमारा गौरवशाली इतिहास अक्षुण्ण बना हुआ है। विद्यार्थियों को इतिहास अध्ययन पर विशेष ध्यान देने का आग्रह करते हुए उन्होंने वक्तव्य का समापन गति ही जीवन है के संदेश साथ किया। विषय विशेषज्ञ डॉ. रविशंकर ने कहा कि यह कार्यशाला को सभी ने उत्सव के रूप में मनाया। विवि परिसर की शांत सुंदर वातावरण की सराहना कर अपने प्रवास को सुखद बताया और कहा कि कार्यशाला में सीखी हुई विद्या का निरंतर अभ्यास करें और इस अमूल्य कला को कभी न छोड़ें।



#### विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता

कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों ने विषय विशेषज्ञ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मैसूर के पूर्व निदेशक डॉ टीएस रविशंकर की तुलना प्राचीन ऋषि से करते हुए कहा कि उन्होने अभिलेख विद्या को शोध-प्रविधि से जोडकर उसकी शैक्षणिक महत्ता स्पष्ट कर दी है। संयोजक डॉ आशुतोष चौरे ने कहा कि प्रारंभ में उन्हें संदेह था कि कार्यशाला को अपेक्षित प्रतिसाद मिलेगा या नहीं किंतु विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने इसे अत्यंत सफल बना दिया। उन्होंने कहा कि डॉ रविशंकर ने एक ऐसी खिडकी खोली जिसके माध्यम से सभी को अपने गौरवशाली इतिहास की झलक देखने का अवसर मिला। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर कार्यशाला का औपचारिक समापन किया गया।

## खबर संक्षेप

### वाद-विवाद पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



**राजनांदगांव।** घर में आए दिन वाद-विवाद करने की सूचना पर पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 25 फरवरी को ग्राम सुरगी की एक महिला द्वारा पुलिस चौकी सुरगी में फोन के माध्यम से सूचना दी गई कि उसका पति जगतराम साहू नशा सेवन कर घर में आए दिन वाद-विवाद एवं झगड़ा करता है तथा आज भी नशे की हालत में परिवारजनों से विवाद कर रहा है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शिकायत का सत्यापन एवं पूछताछ की गई। उक्त कृत्य से क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने तथा संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल संभावना निर्मित हो रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते जगतराम साहू 53 वर्ष निवासी सुरगी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया तथा धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन, पकड़े गए



**राजनांदगांव।** सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने के मामले में गैंदाटोला पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने के मामले में पुलिस ने 24 फरवरी को आरोपी नुमेश गंधर्व 26 साल ग्राम गैंदाटोला, ओमकेश्वेर कंवर 24 साल गैंदाटोला, डालेश्ववर पड़ौती 28 साल ग्राम गैंदाटोला, दीपक ठाकुर 40 साल ग्राम गैंदाटोला के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई किया गया।

### आठ सूत्रीय मांग, मजदूर संघ ने निकाली रैली



**राजनांदगांव।** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते एक रैली निकाली। वहीं कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं श्रम मंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। बीते दिनों पुरी उड़ीसा में आयोजित हुए भारतीय मजदूर संघ के 21वें अधिवेशन में लिए गए निर्णय के अनुसार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष लाखन सिंह कुशवा ने कहा कि श्रमिकों को मिलने वाला उनका अधिकार छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि इपीएफ में अंशदान की बढ़ोत्तरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया है । उन्होंने शासन से मांग करते कहा कि श्रम कल्याण मंडल से मजदूरों को मिलने वाले औजार किट, साइकिल और सिलाई मशीन योजना पुनः प्रारंभ की जाए।




**बजट : किसान-युवा से लेकर महंगाई तक पर छिड़ी बहस**

# बजट को भाजपा ने बताया 'विकास का ब्लूप्रिंट' वहीं कांग्रेस ने बताया 'घोषणाओं का पुलिंदा'








हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश होते ही नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में सियासी तापमान अचानक बढ़ गया। सत्ता पक्ष भाजपा ने इसे प्रदेश के विकास, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण का दूरदर्शी दस्तावेज बताते हुए सरकार की पीठ थपथपाई, वहीं कांग्रेस ने बजट को "जनता से दूर", "घोषणाओं का पुलिंदा" और "जमीनी हकीकत से कटे वादों" का दस्तावेज करार देते हुए तीखा हमला बोला।

स्थानीय स्तर पर भाजपा और कांग्रेस नेताओं के बीच बयानबाजी का दौर पूरे दिन चलता रहा। दोनों दलों ने अपने-अपने तर्कों के साथ बजट को लेकर अलग-अलग तस्वीर पेश की। भाजपा नेताओं ने बजट को गांव, गरीब, किसान और युवाओं के हित में ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि सरकार ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मजबूत खाका पेश किया है।

### किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती : विकास धर दीवान

भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान ने बजट को किसान हितैषी बताते हुए कहा कि कृषि, सिंचाई और ग्रामीण विकास के लिए किए गए प्रावधान प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार गांव और किसान को केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि बढ़ेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

### हर वर्ग को साधने वाला संतुलित बजट : चंद्रपाल साहू

पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू ने बजट को संतुलित और सर्वसमावेशी बताते हुए कहजगार सृजन, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश से प्रदेश का भविष्य मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को अवसर देने और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार का प्रयास स्पष्ट दिखाई देता है।

### महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा पर जोर : मधु रॉय

जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने कहा कि बजट में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को प्राथमिकता देना सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इससे समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी।

### आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की दिशा में कदम : मनहरण सिंह ठाकुर

वरिष्ठ भाजपा नेता मनहरण सिंह ठाकुर ने कहा कि बजट अधोसंरचना विकास और औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देगा, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने इसे प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम बताया।

### जनता के जीवन स्तर में सुधार का भरोसा : गुरमुख भार्गव

पूर्व एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष गुरमुख भार्गव ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बजट प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

### महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा : दुर्गा सोनी

भाजपा की वरिष्ठ महिला नेता दुर्गा सोनी ने कहा कि बजट में महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े प्रावधान सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि प्रदेश के विकास का स्पष्ट विजन डॉक्यूमेंट है।

## कांग्रेस का पलटवार: जनता को राहत नहीं, केवल वादों की भरमार








भाजपा के दावों के विपरीत कांग्रेस नेताओं ने बजट को जनता की अपेक्षाओं से दूर बताते हुए सरकार पर तीखे आरोप लगाए।

### महिलाओं और आम वर्ग की उपेक्षा : शशिप्रभा गायकवाड

जिला पंचायत सदस्य शशिप्रभा गायकवाड ने कहा कि बजट में महिलाओं, ग्रामीणों और आम वर्ग को राहत देने वाले ठोस प्रावधान नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार घोषणाओं के जरिए जनता को भ्रमित कर रही है, लेकिन जमीनी समस्याओं के समाधान पर गंभीरता नहीं दिख रही।

### महंगाई और बेरोजगारी पर मौन : अंजली सतीश मार्कण्डेय

पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़ अंजली सतीश मार्कण्डेय ने कहा कि बजट में महंगाई, बेरोजगारी और ग्रामीण समस्याओं से निपटने के लिए स्पष्ट नीति का अभाव है। उन्होंने कहा कि आम जनता राहत की उम्मीद कर रही थी, लेकिन बजट ने निराश किया है।

### युवाओं के लिए ठोस योजना नहीं : रितेश शर्मा

पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़ रितेश शर्मा ने कहा कि युवाओं के रोजगार को लेकर बजट में ठोस रोडमैप नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि योजनाएं कागजों तक सीमित नजर आती हैं और जमीनी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े होते हैं।

### किसान-मजदूर की अनदेखी : शक्तिधर दीवान

जिला महामंत्री शक्तिधर दीवान ने कहा कि किसानों और मजदूरों के हितों की उपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि बजट में जमीनी समस्याओं का समाधान नजर नहीं आता और यह केवल आंकड़ों का खेल बनकर रह गया है।

### आर्थिक बोझ और राहत का अभाव : जावेद खान

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जावेद खान ने कहा कि बजट में आम जनता को महंगाई से राहत देने के ठोस उपाय नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बड़े वादे किए हैं, लेकिन आर्थिक बोझ कम करने और रोजगार बढ़ाने की दिशा में स्पष्ट रणनीति नजर नहीं आती।

### जनविरोधी बजट का आरोप : रोशन धर दीवान

वरिष्ठ कांग्रेस नेता रोशन धर दीवान ने बजट को जनविरोधी बताते हुए कहा कि सरकार ने विकास के नाम पर बड़े-बड़े दावे किए हैं, लेकिन आम जनता को राहत देने वाले प्रभावी प्रावधान नहीं किए गए।

### राजनीतिक बयानबाजी तेज, जनता को इंतजार जमीनी असर का

छत्तीसगढ़ बजट को लेकर नवागढ़ में सत्ता और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। भाजपा जहां इसे विकास और जनकल्याण का ऐतिहासिक दस्तावेज बता रही है, वहीं कांग्रेस इसे जमीनी हकीकत से दूर बताकर सरकार को घेर रही है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि बजट के वादे जमीन पर कितनी तेजी से उतरते हैं और आम लोगों को इससे कितनी राहत मिलती है। फिलहाल बजट को लेकर राजनीतिक घमासान जारी है और जनता की नजर इसके वास्तविक असर पर टिकी है।

# संस्कृत विषय का संरक्षण एवं संवर्धन अत्यावश्यकः बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से भेंट कर सौंपा मांग पत्र



संस्कृत विषय बचाओ अभियान के तहत छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दौलत राम साहू, डॉ नारायण साहू, मनोज कुमार वर्मा, सुनील कुमार, रामानंद ध्रुव, दिनेश मांडवी, शारदा साहू ईश्वरी यदु, कामिनी पिल्लई, डॉ कोमल वैष्णव, नरेश विश्वकर्मा, तरुण कुमार साहू, पूरन लाल साहू, शंकर लाल साहू, नोयन बुडेक, दिनेश ध्रुव, जीएस बघेल, सनत वर्मा, हुसैन लाल पुजेरी, शिरीस श्रीवास्तव, महेश्वर द्विवेदी, हेमंत कुमार शर्मा ने छत्तीसगढ़ में संस्कृत विषय की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम से कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा दसवीं तक सचिवालय स्तर पर षडयंत्र पूर्वक हटाया जा रहा है। इसे अवगत कराकर संस्कृत को पूर्व की भांति हरियाणा राज्य के तर्ज पर अनिवार्य विषय करने और संस्कृत के विकल्प के रूप में नवीन व्यावसायिक शिक्षा लागू किया गया है उसे सातवें विषय के रूप में स्थान देने के लिए मांग पत्र राजीव भवन शंकर नगर कांग्रेस कार्यालय में छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को सौपा गया। उक्त अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कक्षा छठवीं में ब्यूटी पार्लर जैसे विषय को लागू करके एनजीओ और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा बालिकाओं को जो अध्ययन का काल होता है मुख्यधारा से भटका रही है जो बिल्कुल अनुचित है हम प्रदेश कांग्रेस की ओर से इसका विरोध करते हैं, संस्कृत संस्कार परक भाषा है इनका संरक्षण और संवर्धन अति आवश्यक है ।

**संस्कृत विषय को अनिवार्य करने के निर्देश, पर नहीं हुआ कार्यपालन :** समीक्षा बैठक में एससीईआरटी रायपुर को कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा दसवीं तक संस्कृत विषय को अनिवार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है, परंतु उस निर्देश का कार्यपालन धरातल पर आज पर्यंत नहीं किया गया है। इस प्रकार की प्रशासनिक और शासकीय व्यवहार से स्पष्ट होता है कि एनजीओ को धन लाभ पहुंचाने के लिए राज्य सरकार के खजाना में और केंद्र सरकार के खजाना में भारी मात्रा में आर्थिक अनियमितता और आर्थिक भ्रष्टाचार की संभावना प्रतीत होती है।

### आठवीं अनुसूची की भाषाओं के सम्मान जरूरी

केंद्र सरकार के द्वारा विद्यालयों में केवल ट्रेंड चालू करने कहा गया है ना कि किसी विषय को नुकसान पहुंचा कर उनके जगह पर छत्तीसगढ़ में संस्कृत हिंदी बांग्ला और अंग्रेजी भाषा को जिसमें छात्र अध्यनरत थे को छोड़कर प्राचार्य और अधिकारियों के मौखिक निर्देश पर छात्र व्यावसायिक पाठ्यक्रम में जा रहे हैं संस्कृत हिंदी बांग्ला भारतीय संविधान में सर्वोच्च स्थान प्राप्त आठवीं अनुसूची की भाषा है इस भाषा का अपमान और उल्लंघन असंवैधानिक एवं दण्डनीय अपराध है तथा अनुच्छेद 351 आठवीं अनुसूची की भाषाओं के सम्मान के लिए बनाया गया है यह भारतीय ज्ञान परंपरा संस्कृति सभ्यता और संस्कार परक राष्ट्रभाषा है। संघ के पदाधिकारी ने 8 फरवरी 2026 रविवार को माननीय उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा, गजेंद्र यादव, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर मांग पत्र सौपा गया, एक तरफ पूरा विश्व संस्कृत भाषा के महत्व को अपना रही है अपने देश के विद्यालय महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में संस्कृत भाषा को अनिवार्य शिक्षा कर रहे हैं और अपने ही देश में प्रदेश में संस्कृत विषय को पाठ्यक्रम से हटाने के लिए इस प्रकार महाषड्यंत्र चल रहा है जो गंभीर चिंतन का विषय है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कहीं पर भी ऐसा नहीं लिखा है की संस्कृत विषय के जगह पर या उनके विकल्प के रूप में नवीन व्यावसायिक शिक्षा पढ़ाया जाए ।

### संघ ने कई दरवाजों पर दी दस्तक

संघ के पदाधिकारी ने बताया कि अपने मांग को लेकर अब तक लोक शिक्षण संचालनालय, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, सचिव सहायक संचालक छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडलम, स्कूल शिक्षा मंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, रायपुर सांसद, बेमेतरा दुर्ग रायपुर महासमुंद गरियाबंद के जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी तथा बेमेतरा दुर्ग खलारी राजिम कुरूद डोगरगांव कसडोल भिलाईगढ़ सरायपाली के विधायकों को भी मांग पत्र सौपा जा चुका है कि सचिवालय स्तर पर बिना किसी लिखित आदेश के संस्कृत विषय के स्थान पर नवीन व्यावसायिक शिक्षा मौखिक निर्देशों से ही लागू किया गया है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी संस्कृत भाषा को अध्ययन एवं व्यवहार में अपनाने हेतु निरंतर अपील की जा रही है।

# विद्युत उपभोक्ताओं के अधिकारों पर लगा विधिक जागरूकता शिविर

**बहेरा में एक दिवसीय शिविर में ग्रामीणों को दी गई महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार ग्राम बहेरा में विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को विद्युत उपभोक्ता होने के नाते प्राप्त अधिकारों एवं शिकायत निवारण की प्रक्रिया की जानकारी देना था।

शिविर में सहायक प्रतिरक्षा अधिवक्ता आयुष शुक्ला ने ग्रामवासियों को बताया कि प्रत्येक उपभोक्ता को निर्धारित वोल्टेज एवं गुणवत्ता के साथ नियमित विद्युत आपूर्ति प्राप्त करने का अधिकार है। अनावश्यक एवं बार-बार विद्युत कटौती नहीं की जा सकती। निर्धारित समय से अधिक कटौती होने पर उपभोक्ता मुआवजे की मांग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत बिल स्पष्ट, समझने योग्य तथा वास्तविक मीटर रीडिंग पर आधारित होना चाहिए। लंबे समय तक औसत बिलिंग नहीं की जा सकती। यदि उपभोक्ता को बिल पर संदेह हो तो उन्हें मीटर जांच कराने का अधिकार है। मीटर में समस्या की शिकायत करने पर 15 दिनों के भीतर उसका निराकरण किया जाना अनिवार्य है। यदि निर्धारित समय में समाधान नहीं होता, तो उपभोक्ता उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### विधिक सहायता पर विस्तार से दी गई जानकारी

सहायक प्रतिरक्षा अधिवक्ता देवेंद्र साहू ने बताया कि विद्युत संबंधी शिकायतें तीन स्तरों पर की जा सकती हैं जिसमे ग्रिवेंस रिड्रेसल ऑफिसर, विद्युत लोकपाल, आवश्यकता होने पर उपभोक्ता आयोग शामिल हैं। अमन दुबे ने जानकारी दी कि कोई भी पात्र व्यक्ति निर्धारित शुल्क जमा कर नया बिजली कनेक्शन प्राप्त करने का अधिकारी है तथा वितरण कंपनी मनमाने ढंग से आवेदन अस्वीकार नहीं कर सकती। प्रतिरक्षा अधिवक्ता पी. राजेश्वरी ने मीटर जांच एवं परीक्षण के अधिकार के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ता लिखित आवेदन देकर मीटर टेस्टिंग की मांग कर सकता है। यदि मीटर खराब पाया जाता है तो बिल में आवश्यक संशोधन किया जाएगा। शिविर के दौरान ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता के महत्व एवं आपराधिक मामलों में लीगल एड डिफेंस काउंसिल की भूमिका के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

# होली से पहले एक्शन में जिले की पुलिस चालीस असामाजिक तत्वों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



समीप होली पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस एक्शन मोड पर है। बीती रात 60 से अधिक पुलिस जवानों ने कॉम्बिंग गश्त की। इस दौरान 40 से अधिक असामाजिक तत्वों की चेकिंग की गई। पुलिस के इस अभियान से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आगामी होली त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जिले में विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो एवं एसडीओपी डोंगरगांव मंजूलता बाज के पर्यवेक्षण में किया गया। पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि होली पर्व को आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस के अनुसार जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस की सतत निगरानी एवं कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस के इस अभियान से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

